<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>06.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे</u>

<u>सुखाश्रय योजना</u>

मुख्यमन्त्री सुखआश्रय योजना में चिल्ड्रेन ऑफ स्टेट बच्चों को हर वर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिए भेजा जाता है। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला से 52 बच्चों के 10 दिनों के शैक्षणिक भ्रमण को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्दियों के मौसम में छुट्टियों के चलते प्रदेश के लोग देश के अन्य क्षेत्रों में भ्रमण के लिए जाते हैं। इसी प्रकार इन बच्चों को भी शैक्षणिक भ्रमण के तहत दिल्ली गोवा और कई अन्य क्षेत्रों में घूमने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह वह बच्चे हैं जो अपने माता–पिता को खो चुके हैं लेकिन सुखाश्रय कानून के तहत इन्हें शैक्षणिक भ्रमण की सुविधा मिलती है, जिसमें हवाई यात्रा अथवा तीन सितारा होटल में रहने जैसी सुविधाएं दी जाती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज 52 बच्चों को शिमला से भ्रमण के लिए रवाना किया गया है, जबकि अन्य जिलों से भी उपायुक्तों द्वारा ऐसे भ्रमण का आयोजन किया जाएगा।

<u>मुख्यमंत्री</u>

चंडीगड़ से लगती बद्दी औद्योगिक क्षेत्र की सीमा पर हिमाचल सरकार विश्व स्तरीय एक नया शहर हिम चंडीगढ़ बसाने जा रही है। इस बात की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार अब तक इस क्षेत्र में 3 हजार 4 सौ बीघा जमीन हाउसिंग डिपार्टमेंट के नाम कर चुकी है, जबकि 3 हजार 7 सौ बीघा जमीन पहले से सरकार के पास उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के लिए अगले दो महीने में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

<u>बद्दी के आगे जहां से चंडीगढ़ की बाउंड्री खत्म होती है, वहां विश्व स्तरीय शहर बसाने की हमारी योजना है। उसके लिए हमने 34 सौ बीघा जमीन जो है, वो हाउसिंग डिपार्टमेंट के नाम कर दी है और जो 37 सौ बीघा जमीन है, जो सरकार की है, उसको भी हम अपने नाम करने जा रहे हैं, कुछ पंचायतें लैंड पुलिंग के नाम से हमें जगह देने के लिए तैयार हैं। एक अच्छा बड़ा शहर हिमाचल प्रदेश में बने, इसके लिए हमारी सरकार ने कार्य करना शुरू कर दिया है। हिम का नाम हिमाचल है, तो हिम चंडीगड़ के नाम से हम एक नया शहर बसाने की योजना को अमलीजामा देने की दृष्टि से आगे बढ़ रहे हैं।</u>

<u>यंग लीडर्स डायलॉग</u>

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2026 के चरण तीन के तहत प्रदेश के 10 जिलों से चुने गए 35 विद्यार्थी आगामी 12 जनवरी को दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल में भाग लेंगे। ये फाइनल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित होगा, जहां इन विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री से मिलने का भी अवसर मिलेगा।

इससे पहले कल 7 जनवरी को ये प्रतिभागी शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के तहत देश भर से 3 हजार युवा प्रधानमंत्री के समक्ष दिल्ली में विकसित भारत के निर्माण हेतु अपने विचार पेश करेंगे।

निर्देश

जलशक्ति विभाग के सचिव अभिषेक जैन ने प्रदेश भर के जलस्त्रोतों में हर 10 दिन में पेयजल गुणवता जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जलस्त्रोतों में 15 दिन के भीतर सफाई व सुधार कार्य पूरे करने और जांच रिपोर्ट को आनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए हैं। एक विभागीय बैठक में उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने 17 हजार 6 सौ 32 गांव में हर घर को नल से जल उपलब्ध करवाया है। अभिषेक जैन ने नागरिकों को सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासों की प्रतिबद्धता को दोहराया।

मौसम

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में लगातार आ रही गिरावट के चलते ठंड का प्रकोप बढ़ गया है और पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। हालांकि दिन के समय धूप खिलने से ठण्ड से कुछ राहत मिल रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया है। अन्य स्थानों पर मौसम के साफ रहने की संभावना है। वहीं, निचले व मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।